23.09.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विभिन्न श्रेणियों में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किये–अभिनेता और फिल्मकार मोहनलाल को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से नवाज़ा गया।

○ रेलवे दिवाली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए बारह हज़ार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाएगा।

○ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भीलवाड़ा में प्रदेश के पहले फ्लाइंग स्कूल का शुभारंभ किया।

○ राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आज देश–प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।

000

71वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह आज नई दिल्ली में आयोजित किया गया। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किये। वर्ष 2023 के लिए फिल्म निर्माण, स्टोरी टेलिंग और अभिनय में उत्कृष्टता का जश्न मनाने के लिएये पुरस्कार दिये गये। दिग्गज अभिनेता, निर्देशक और निर्माता मोहनलाल को सिनेमा के क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मान, दादा साहब फाल्के पुरस्कार से नवाज़ा गया। सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार हिंदी फिल्म 'ट्वेल्थ फेल को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार शाहरुख खान को फिल्म जवान के लिए मिला। अभिनेता विक्रांत मैसी को भी ट्वेल्थ फेल फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार अभिनेत्री रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए दिया गया।

000

प्रदेशभर में जीएसटी बचत उत्सव के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को टैक्स की नई दरों के बारे में जानकारी दी जा रही है। पाली में आज वाणिज्य कर विभाग सभागार में व्यापारियों, अधिवक्ताओं और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को से चर्चा की गई। वहीं सवाईमाधोपुर में केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से कुश्तला स्थित महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में रैली, संगोष्ठी प्रतियोगिता और प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को जागरुक किया गया। शहरी विकास और स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा और पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने सीकर में प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में जीएसटी सुधारों की जानकारी दी।
उधर, गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने करौली में प्रेसवार्ता आयोजित कर जीएसटी सुधारों के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि इससे कर प्रणाली सरल और पारदर्शी होगी।

000

गृहमंत्री अमित शाह ने स्टार्टअप्स को नए भारत की रीढ़ बताया। आज गांधीनगर के महात्मा मंदिर में दो दिवसीय स्टार्टअप सम्मेलन का उद्‌घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत के स्टार्टअप तंत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जिससे यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप तंत्र बन गया है। भारत की युवा शक्ति पर ज़ोर देते हुए श्री शाह ने विश्वास व्यक्त किया कि देश तीन वर्षों में वैश्विक नवाचार सूचकांक में शीर्ष दस में प्रवेश कर जाएगा।

000

दो दिने के इस सम्मेलन में एक हजार से अधिक स्टार्टअप, पांच हजार नवप्रवर्तक और एक सौ उद्योग सलाहकार भाग ले रहे हैं।

000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि दिवाली और छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए बारह हज़ार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जाएँगी। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, श्री वैष्णव ने कहा कि ये रेलगाड़ियाँ 1 अक्टूबर से 15 नवम्बर के बीच चलेंगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज भीलवाड़ा की हमीरगढ़ हवाई पट्टी पर प्रदेश के पहले फ्लाइंग स्कूल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस स्कूल के शुरू होने से राजस्थान देश के आत्मनिर्भर के संकल्प में अपना योगदान देगा। श्री शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान के दौरान इस फ्लाइंग स्कूल को बनाने की घोषणा की गई थी। यहां पायलट प्रशिक्षण लेकर देशभर में अपनी सेवाएं देंगे।

000

मुख्यमंत्री ने आज भीलवाड़ा में विभिन्न स्थानों पर शहरी सेवा शिविरों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से संवाद भी किया। उन्होंने पात्र लोगों को चेक और आवासीय पट्टे वितरित किए। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि इन शिविरों में लोगों को एक ही स्थान पर सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

000

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि अगले पांच सालों में प्रदेश में नागरिक उड्डयन क्षेत्र में विस्तार किया जाएगा। इसके साथ ही जोधपुर में नए टूरिस्ट स्पॉट विकसित किए जाएंगे। श्री शेखावत ने आज जोधपुर में एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में ये बात कही। उन्होंने कहा कि टर्मिनल भवन का काम अंतिम चरण में है और अगले महीने तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। नए टर्मिनल से एक साथ 13 फ्लाइट्स का संचालन संभव होगा, जिससे शहर की एयर कनेक्टिविटी और मजबूत होगी।

000

देशभर में आज 10वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया। राष्ट्र स्तरीय समारोह गोवा के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में रखा गया। केंद्रीय आयुष और स्वास्थ्य राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने इसमें शिरकत की। आयुष मंत्रालय और स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों और पृथ्वी के लिए आयुर्वेद की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर कैंसर उपचार के लिए एकीकृत ऑन्कोलॉजी इकाई का उद्घाटन किया गया।

इधर, प्रदेश में भी आयुर्वेद दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। कई जगह धन्वंतरि की पूजा की गई। राजधानी जयपुर स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की ओर से आमजन के बेहतर स्वास्थ्य और जन जागरूकता के लिये जयपुर और ग्रामीण इलाकों में निःशुल्क शिविर लगाये गये। साथ ही आयुर्वेद जागरूकता रैली निकाली गई। संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने लोगों से बेहतर स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद को अपनाने की अपील की।

000

राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2025 की उत्तर कुंजी पर आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पुलिस भर्ती और पदोन्नति बोर्ड के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि अब उम्मीदवार 25 सितम्बर तक ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। आपत्ति दर्ज कराने की आखिरी तारीख पहले आज तक थी। गौरतलब है कि 13 और 14 सितम्बर को हुई इस भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्रों की, आंसर की पहले ही अपलोड कर दी गई थी।

000

जयपुर के जोबनेर स्थित राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट की आज से शुरूआत हुई। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु, प्रोफेसर त्रिभुवन शर्मा सहित विश्वविद्यालय के शैक्षिक और गैर शैक्षिक कार्मिक मौजूद रहे।

000